अवैध कब्जा | डिग्री पूरी होने के बाद भी हॉस्टल से नहीं छूटा मोह

गर्ल्स हॉस्टल को छात्राओं ने समझ लिया अपना घर

नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के छात्रावासों में अवैध रूप से रहने के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं, लेकिन अब चौंकाने वाली बात यह है कि विश्वविद्यालय के कस्तूरबा बाई गर्ल्स हॉस्टल में भी पिछले करीब एक दशक से अवैध कब्जे की स्थिति बनी हुई है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय में पढ़ाई के नाम पर हॉस्टल में प्रवेश लेने वाली करीब एक दर्जन छात्राएं वर्षों पहले अपनी मास्टर डिग्री पूरी कर चुकी हैं। इसके बावजूद वे अब तक हॉस्टल के कमरे खाली नहीं कर रही हैं। इसके कारण दूर-दराज से आने वाली

छात्राओं को यहां रहने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है।

कम शुल्क बनी मुख्य वजह

गर्ल्स हॉस्टल में सालभर का शुल्क लगभग पांच हजार रुपये है। वहीं सिविल लाइन जैसे क्षेत्रों में किराए पर कमरा लेने पर हर महीने इतना खर्च करना पड़ सकता है। यही कारण है कि नौकरी करने वाली युवतियां भी हॉस्टल छोड़ने के बजाय यहीं रहना ज्यादा सुविधाजनक मान रही हैं।

प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इस कारण छात्राओं और अभिभावकों के बीच भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर नियमों के उल्लंघन के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

नौकरी कर रहीं, फिर भी हॉस्टल में रह रहीं

हैरानी की बात यह भी सामने आई है कि हॉस्टल में रहने वाली कुछ छात्राएं विश्वविद्यालय के ही विभिन्न शैक्षणिक विभागों में नौकरी कर रही हैं। जबकि नियमों के अनुसार हॉस्टल में रहने की पात्रता केवल उन्हीं छात्राओं को होती है जो विश्वविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हों।

निजी हॉस्टलों में रहने मजबूर छात्राएं

जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय में दूर-दराज के इलाकों से पढ़ाई के लिए आने वाली छात्राओं को हॉस्टल में जगह नहीं मिल पा रही है। कमरों की कमी के कारण कई छात्राओं को मजबूरी में शहर के निजी हॉस्टलों या किराए के कमरों में रहना पड़ रहा है, जहां उन्हें हर महीने पांच से सात हजार रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं।

जुए के फड़ पर मारा छापा

जबलपुर। शहपुरा पुलिस ने फुलर स्थित खेत में बनी टपरिया में चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश देकर 11 जुआरियों को रंगे हाथों दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 40 हजार रुपये से अधिक की नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि ग्राम फुलर स्थित खेत में बनी एक टपरिया में ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे पुरुषोत्तम रैकवार निवासी मगरमुंहा, यशवंत ठाकुर व संतोष लोधी निवासी कटीला हार, अमित दुबे, सोनू मंसूरी, साजन राजपूत, गुड्डू उर्फ बेड़ीलाल व नीरज सिंह निवासी पाटन, संदीप लोधी, प्रवेन्द्र सिंह व गोप सिंह निवासी बेलखेड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। नगद 40 हजार 500 रुपये, कंपनियों के 11 मोबाइल जप्त किए गए।

लूट का डर दिखाकर उतरवायें जेवर ले गए ठग

जालासाजों ने मम्मी बोलकर बुजुर्ग महिला को झांसे में लिया

जबलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने एक 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मम्मी जी कहकर झांसे में लिया और बातों के जाल में फंसाते हुए लूट का डर दिखाकर सोने के जेवर उतरवा लिए और उन्हें लेकर रफूचक्कर हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चेरीताल कन्या शाला के सामने रहने वाली बारी बाई पटेल (62) घर से पैदल सब्जी लेने निवाड़गंज मंडी जा रही थीं। जैसे ही वह पाण्डे चौक के पास पहुँचीं, उन्हें 30-35 वर्ष की आयु के दो अज्ञात युवक मिले। आरोपियों ने बड़ी ही आत्मीयता से महिला से

कहा, मम्मी जी, हमारे साथ चलो। महिला उनकी बातों में आ गई और उनके साथ बल्देवबाग तक चली गई। वहाँ से आरोपी उन्हें ऑटो में बैठाकर गोपाल बाग मोड़ ले गए और जबलपुर साइकिल दुकान के बाजू वाली गली में ले जाकर बातों में उलझा लिया।

शातिर ठगों ने महिला के मन में डर पैदा करते हुए कहा कि आगे कोई व्यक्ति आपके कान के टॉप्स और गले का मंगलसूत्र छीन लेगा, आप इन्हें उतारकर हाथ में रख लो। डर के कारण बारी बाई ने अपने कान के सोने के टॉप्स और गले का सोने का मंगलसूत्र जिसमें एक सोने की कटोरी और 6 गुरिया लगे थे उतारकर आरोपियों के हाथ में दे दिए।

पोटली थमा बोले सामान सुरक्षित, घर में खोलना

आरोपियों ने जेवर हाथ में लेकर उन्हें एक सफेद रूमाल में बांधने का नाटक किया और पोटली महिला के थैले में डाल दी। उन्होंने कहा कि सामान सुरक्षित है, इसे घर जाकर ही खोलना। जब महिला ने घर पहुँचकर रूमाल खोलकर देखा, तो उसमें जेवर गायब थे। ठगे जाने का अहसास होते ही पीड़िता कोतवाली थाना पहुँचीं। पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

गांजा तस्करी करते महिला समेत 3 गिरफ्तार

जबलपुर। क्राइम ब्रांच और लार्डगंज, अधारताल व ग्वारीघाट थाना पुलिस की टीम ने मादक पदार्थ गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 1 किलो 515 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। इसके अलावा 10 हजार 680 रुपये नगद राशि भी जप्त की गई है।

लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि सब्जी मंडी लटकारी का पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर प्रेम केशरवानी

45 वर्ष निवासी सब्जी मंडी निवाड़गंज लार्डगंज को पकड़ा गया, तलाशी लेने पर पहने हुये पेंट के दाहिने जेब में नगदी 1 हजार 680 रूपये, पहनी हुई बनियान के अंदर एक पालीथीन में रखा 267 ग्राम गांजा कीमती लगभग 13 हजार 350 रूपये का जब्त किया गया। इसी तरह थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमरे ने बताया कि महाराजपुर में थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दबिश दी मुन्नी बाई कोल 68 वर्ष निवासी शंकरटोला महाराजपुर अधारताल को पकड़ा गया, तलाशी लेने पर थैला में 882 ग्राम गांजा कीमती लगभग 44 हजार 100 रूपये व नगदी 9 हजार रूपये मिले।

थाना प्रभारी ग्वारीघाट हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि चंडी माता मंदिर के पास घेराबंदी कर राहुल अहिरवार 24 वर्ष निवासी चंडी माई मंदिर के पास बादशाह हलवाई मंदिर ग्वारीघाट को पकड़ा गया जिसके कब्जे में रखे थैले की तलाशी लेने पर 366 ग्राम गांजा कीमती लगभग 18 हजार 300 रूपये का होना पाया गया।

सोशल मीडिया पर फैलाया हनीट्रैप का जाल

सैकड़ों लड़कियों को ब्लैकमेल करने वाला शातिर नागपुर से गिरफ्तार

फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता था पैसों व शारीरिक संबंध बनाने की डिमांड

जबलपुर। सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप का जाल फैलाकर फर्जी आईडी बनाकर सैकड़ों भोली-भाली युवतियों को जाल में फंसाकर उनकी निजी फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे, शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने वाले एक शातिर बदमाश को बरगी पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ब्लैकमेलिंग में इस्तेमाल मोबाइल, पेनड्राइव और कई सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

बरगी चौकी प्रभारी

उपनिरीक्षक सरिता पटेल ने बताया कि बरगी नगर निवासी एक 23 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी साहिल विश्वकर्मा उसे उसके निजी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। इसके बदले में वह पैसों की मांग कर रहा था और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।पुलिस ने शिकायत आरोपी साहिल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

राज्य के बाहर बिछाया गया था जाल

आरोपी इतना शातिर था कि अपराध करने के बाद वह राज्य से बाहर भाग गया था। पुलिस के लिए उसे ढूंढना एक बड़ी चुनौती थी। क्लू मिलने पर चौकी प्रभारी सरिता पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर महाराष्ट्र के नागपुर रवाना की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नागपुर में घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया।

जुलूस निकाल भेजा जेल

पुलिस ने आरोपी साहिल विश्वकर्मा (23) निवासी हॉस्टल ब्लॉक, बरगीनगर को को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ब्लैकमेलिंग में प्रयुक्त स्मार्टफोन, पेनड्राइव एवं ओटीजी, विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड जप्त किए आरोपी को शहर लाने के बाद पुलिस ने उसका जुलूस निकाला। इसके बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

इंस्टाग्राम में फेक आईडी बनाकर फंसाया

पुलिस अभिरक्षा में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर सैकड़ों युवतियों को अपने जाल में फंसा चुका है। वह लड़कियों से दोस्ती कर उनके निजी डेटा हासिल कर लेता था और फिर उन्हें ब्लैकमेल करता था।

एक नजर में

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गठित की वार्ड कमेटी

नवभारत, जबलपुर। संगठन सृजन अभियान के तहत कैंट विधानसभा, गोकलपुर अधारताल ब्लॉक के निर्मल चंद जैन वार्ड में वार्ड कमेटी गठन की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य मिश्रा ने की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी संजू ठाकुर , शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रितेश गुप्ता (बंटी) सहित वार्ड के अनेक कांग्रेस साथी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से नितिन दाहिया को मंडलम/वार्ड कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया, साथ ही वार्ड कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान सभी साथियों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कॉम्बिग गश्त में 280 वारंटी पकड़ाए

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिग गश्त कर गुंडे बदमाशों की धरपकड़ की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 132 गैर म्यादी वारंटियों एवं 81 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 67 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे इसके साथ ही क्राईम ब्रांच की टीमें भी लगाई गयी। कॉम्बिंग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों, उप पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के मार्ग निर्देशन में कराई गई।

घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते ढाबा संचालक पकड़ाया

जबलपुर। गोहलपुर पुलिस ने अमखेरा रोड स्थित एक ढाबे पर दबिश देकर घरेलू सिलेंडर जब्त किया और संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोहलपुर पुलिस की टीम ने अमखेरा रोड स्थित जनता ढाबा पर चेकिंग की गई, जहाँ घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्य के लिए किया जा रहा था। ढाबा संचालक मोहम्मद जावेद अंसारी (21) निवासी अंसार नगर चौपड़ा, गोहलपुर को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से एचपी कंपनी का एक घरेलू गैस सिलेंडर और रेगुलेटर-पाइप लगा हुआ गैस चूल्हा जब्त किया है। आरोपी मोहम्मद जावेद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

चेरीताल वार्ड को मिली नई सड़क की सौगात

महापौर और विधायक ने किया 12 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन

नवभारत, जबलपुर। शहर के विकास कार्यों को गति देते हुए रविवार को चेरीताल वार्ड में बुनियादी ढांचे की मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सरस्वती कॉलोनी पारिजात बिल्डिंग मार्ग से पारस कॉलोनी मोड़ तक बनने वाली नई सड़क का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ। क्षेत्रीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए श्रृदेय आचार्य श्री वासुदेव शास्त्री के आचार्यत्व में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे ने संयुक्त रूप से इस निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। महापौर मद से स्वीकृत इस परियोजना की लागत 12 लाख रूपये है, इस सड़क की लंबाई 116 मीटर एवं चौड़ाई 6 मीटर है। इस मार्ग के बनने से सरस्वती कॉलोनी और पारस कॉलोनी के सैकड़ों निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

बढ़ेगी क्षेत्रीय कनेक्टिविटी

विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डे ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं, वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि शहर के हर कोने में बुनियादी सुविधाओं को पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया हैभूमिपूजन के अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य एवं वार्ड पार्षद विवेक राम सोनकर, पार्षद चेरीताल वार्ड प्रतिभा भापकर, आचार्य विद्यासागर, मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, विवेकानंद मंडल अध्यक्ष अमर पटेल, नरेंद्र साहू, धीरू मिश्रा, मेवालाल छिरौल्या, नरेंद्र खरे, राजेन्द्र व्यौहार, प्रशांत महानूर कल्पना तिवारी, आशीष चौधरी, रंजीत सिंह ठाकुर, राधवेंद्र यादव लालू, मनोज सेन, किशोर बर्मन, नीरज तिवारी, शैलेश पटेल, माया गुजराती, अजय पटेल, नीरज तिवारी प्रभात यादव, आशीष साहू, सुलभ ताम्रकार, दिलीप तलरेजा, विध्येश भापकर, बबलू मिश्रा, दिलीप कोष्टा, संभागीय यंत्री सत्येन्द्र चक्रवर्ती, इंजीनियर खुशबू पटेल, सी.एस.आई. मोनिका तुमराम, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थिति रहे।

छापेमारी कर जब्त किए ग्यारह घरेलू गैस सिलेंडर

अवैध गैस सिलेंडरों पर रविवार को भी जारी रही कार्रवाई

नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार रसोई गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा ग्यारह घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जानकारी के अनुसार संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन के नेतृत्व में विजय नगर चौपाटी में आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जहां व्यावसायिक उपयोग में पाए जाने पर तीन घरेलू रसोई गैस सिलेंडर जप्त किए गए। इसके अलावा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीतू बागरी के नेतृत्व में जय प्रकाशनगर आधारताल में निरीक्षण के दौरान एक हॉकर के निवास से दो व्यावसायिक और एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्यवाही में प्रभारी आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद मिश्र, नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा, कार्यालिक मजिस्ट्रेट नीतू बागरी, कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक राजधर साकेत एवं गुंजन सिंह शामिल थे।

इन प्रतिष्ठानों से भी सिलेंडर जब्त

कार्यवाही के दौरान

आधारताल स्थित अग्रवाल स्वीट्स से एक घरेलू सिलेंडर रानीताल स्थित जायका रेस्टारेंट से एक घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, रानीताल में ही श्रीराम रेस्टारेंट से दो घरेलू रसोई गैस सिलेंडर तथा जय नगर स्थित अंशुल रेस्टारेंट से तीन घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर व्यावसायिक इस्तेमाल पाये जाने पर जप्त किये गये हैं।

शहपुरा में 10 प्रतिष्ठानों से 10 सिलेंडर जब्त

इसी प्रकार अनुभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहपुरा क्षेत्र में प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान 10 अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल 10 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

हादसा | गुस्साएं लोगों ने की कार में तोड़फोड़, मालिक को पीटा, अमखेरा में हुआ हादसा

नशे में धुत कार चालक का तांडव, राहगीरों को कुचला, दो की हालत नाजुक

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत अमखेरा में रविवार रात्रि शराब के नशे में धुत एक बेलगाम कार चालक ने राहगीरों और दोपहिया वाहन सवारों को कुचल दिया। इस भीषण सड़क हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे से गुस्साएं लोगों ने कार में तोड़फोड़ भी कर दी साथ ही कार मालिक की पिटाई कर दी जबकि कार चालक मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और आक्रोशित जनों को समझाइश देते हुए उन्हें शांत कराया। साथ ही घायलों को तत्काल उपचार के लिए भिजवाते हुये कार जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

ये है घटनाक्रम

अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार क्रमांक एमपी 20 एक्स बी 7706 खजरी खिरिया की ओर जा रही थी। जैसे ही कार अमखेरा के पास पहुँची, नशे में धुत चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और राहगीरों को टक्कर मा दी। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हुए है। घायल रोहित रजक, शकील अहमद समेत अन्य को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया। घायलों में से दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका सघन उपचार जारी है। प्राथमिक जाँच में पाया गया कि चालक शराब के नशे में धुत था, जिसके कारण वह वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जाँच कर रही है।

बेकाबू रफ्तार : जो सामने आया चपेट में आता गया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि जो भी सामने आया, वह उसकी चपेट में आता गया। चालक ने न केवल पैदल चल रहे राहगीरों को टक्कर मारी, बल्कि कई टू-व्हीलर चालकों को भी रौंद डाला। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आक्रोशित जनों ने कार मालिक अमित सिंह राजपूत से मारपीट कर दी जबकि कार चालक भाग निकला। सूचना मिलते ही अधारताल पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और स्थिति को संभाला।